an>

Title: Need for early approval of Anoopgarh-Bikaner new railway line project in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति जी, आज आपने शून्य काल के दौरान मुझे लोक महत्व का विषय उठाने का अवसर दिया है, इसके लिए धन्यवाद। मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं। बीकानेर के पास अनूपगढ़ विधान सभा क्षेत्र है। वह अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। अनूपगढ़ से बीकानेर रेल लाइन के निर्माण की मांग जनता लंबे समय से कर रही है। मैं इसलिए यह विषय उठा रहा हूं कि पाकिस्तान से हमारी अंतरराष्ट्रीय सीमा सटी हुई है और अनूपगढ़ बीकानेर रेल लाइन से जुड़ना चाहिए, यह सेना की भी डिमाण्ड है। मैंने कई बार इस विषय को 15वीं लोक सभा में भी उठाया है। मैं रेल मंत्री जी से भी मिला। मेरा यह कहना है कि जब आर्मी यह कह रही है कि This project is very important from the strategic point of view, और प्लानिंग कमीशन ने भी इसको अपूव कर दिया है। 13 प्रोजेक्ट्स जो सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने गए हैं, उनको प्लानिंग कमीशन ने रेलवे मुख्यालय को प्रेषित कर दिया है। उसमें अनूपगढ़ से बीकानेर रेल लाइन का प्रोजैक्ट भी सम्मिलित है। वर्ष 2014-15 के बजट में इस प्रोजैक्ट को सम्मिलित नहीं किया गया। इसलिए मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्री से मांग है कि रेल मंत्रालय समीक्षा के दौरान अनूपगढ़-बीकानेर नई रेल लाइन के प्रोजैक्ट को सम्मिलित करने की व्यवस्था करे जिससे भारतीय सेना की मांग को पूरा किया जा सके और अनूपगढ़ विधान सभा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को भी रेल यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो सके। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)

माननीय सभापति :

श्री पी.पी. चौधरी अपने आपको श्री अर्जुन राम मेघवाल के विषय से सम्बद्ध करते हैं।